आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 25.03.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भारत ने वर्ष 2023–24 में स्वदेशी रक्षा उत्पादन में एक लाख 27 हजार करोड़ रुपये की अब तक की सबसे अधिक वृद्धि हासिल की।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर सरकार का जोर, केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में सुचारू रूप से अस्पताल संचालित होंगे।
- चारधाम यात्रा पंजीकरण के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह, अब तक 6 लाख 80 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया।
- अल्मोड़ा में जल की गुणवत्ता और निगरानी विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।

मेक इन इंडिया

मेक इन इंडिया पहल के शुभारंभ के बाद से 2023–24 में भारत के स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही भारत का स्वदेशी रक्षा उत्पादन अब रिकॉर्ड एक लाख 27 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रक्षा उत्पादन में वर्ष 2014–15 के 46 हजार 429 करोड़ के मुकाबले 174 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। मंत्रालय ने कहा कि कभी विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर रहने वाला देश अब स्वदेशी विनिर्माण में उभरती हुई शक्ति बन गया है और घरेलू क्षमताओं के माध्यम से अपने सैन्य बल का निर्माण कर रहा है। वहीं देश का रक्षा निर्यात भी वर्ष 2013–14 के 686 करोड़ से बढ़कर 2023–24 में 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह पिछले एक दशक में 30 गुना वृद्धि के साथ अब तक के सर्वाधिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी के लिए कई कदम उठाए हैं।

स्वास्थ्य व्यवस्था चारधाम

प्रदेश में आगामी 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा को देखते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि यात्रा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अब तक दो महत्वपूर्ण बैठकें हो चुकी हैं, साथ ही मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में भी समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस बार चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि केदारनाथ और बदरीनाथ में अस्पतालों को पूरी तरह सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा, ताकि हाई एल्टीट्यूड पर होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही समाधान किया जा सके।

एक राष्ट्र एक चुनाव

''एक राष्ट्र एक चुनाव'' विषय पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक आज नई दिल्ली में संसदीय सौध में होगी। यह समिति दूरसंचार विवाद समाधान और अपीलीय न्यायाधिकरण– टीडीसैट के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.एन पटेल से बातचीत करेगी। इसके बाद, समिति की बैठक भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी के साथ भी होगी। समिति की अगली बैठक में अगले महीने की 2 तारीख को दो और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ चर्चा होगी।

विशेष रेलगाड़ी

नैनीताल जिले के काठगोदाम और पश्चिम बंगाल के ठाकुरनगर के बीच कल एक विशेष रेलगाड़ी का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन केवल एक फेरे के लिए काठगोदाम और ठाकुरनगर वाया गोरखपुर के बीच चलाई जाएगी। यह ट्रेन काठगोदाम से कल पूर्वाह्न दस बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन अपराह्न आठ बजकर चालीस मिनट पर ठाकुरनगर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी और 29 मार्च को ठाकुरनगर से पूर्वाह्न दस बजकर चालीस मिनट पर चलकर अगले दिन रात्रि सवा ग्यारह बजे काठगोदाम पहुंचेगी। इस रेलगाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी के पांच और शयनयान श्रेणी के आठ कोचों सहित कुल 15 कोच लगाए जाएंगे।

भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो– बीआईएस की ओर से देहरादून में मानक क्लब मेंटर्स के लिए दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य मानक क्लबों के मेंटर्स को प्रशिक्षित करना और उन्हें मानकों से संबंधित गतिविधियों की जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों को जागरूक कर सकें। कार्यक्रम में हरिद्वार विधायक मदन कौशिक ने बीआईएस द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालयों में मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने से छात्रों का समग्र विकास होगा और वे गुणवत्ता की महत्ता को समझ सकेंगे। इस अवसर पर बीआईएस देहरादून के निदेशक सौरभ तिवारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को मानकों की जानकारी देकर छात्रों को प्रोत्साहित करने में सहायक होगा।

चारधाम यात्रा पंजीकरण

प्रदेश में चारधाम यात्रा के साथ ही हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए पंजीकरण में बेहद तेजी नजर आ रही है। अब तक पर्यटन विभाग की वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर 6 लाख 80 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों का पंजीकरण किया जा चुका है। पर्यटन विभाग ने कल शाम पंजीकरण संबंधी आंकड़े जारी किए हैं। विभाग ने बताया कि यमुनोत्री धाम के लिए 1 लाख 22 हजार 349 गंगोत्री के लिए 1 लाख 25 हजार 901 केदारनाथ के लिए 2 लाख 19 से अधिक, बदरीनाथ धाम के लिए 2 लाख तीन हजार से अधिक और हेमकुण्ड साहिब यात्रा के लिए 7 हजार 564 तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण किया हैं।

## कार्यशाला अल्मोड़ा

उत्तराखंड सरकार के तीन वर्ष पूरा होने के अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय और उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद– यूकॉस्ट की ओर से मानसखंड विज्ञान केंद्र, अल्मोड़ा में जल की गुणवत्ता और निगरानी विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मानसखंड विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि कार्यशाला में विशेषज्ञों, पर्यावरण वैज्ञानिकों और शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला में विद्यार्थियों और जल संस्थान के तकनीकी अधिकारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## आपदा प्रशिक्षण

''युवा आपदा मित्र योजना'' के तहत प्रदेश 11 जिलों में चार हजार 310 स्वयंसेवकों को आपदाओं से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही 20 प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में भी तैयार किया जाएगा।

यह योजना राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संचालित की जा रही है, जिसे गृह मंत्रालय ने मंजूरी दी है। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने इस योजना की समीक्षा बैठक की और चारों युवा संगठनों– एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र और भारत स्काउट एवं गाइड के प्रतिनिधियों को दिशा–निर्देश जारी किए।

योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु के, कम से कम 7वीं कक्षा पास और शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ युवा स्वयंसेवक पात्र होंगे। इनमें 50 प्रतिशत महिलाओं को शामिल किया जाएगा, ताकि आपदा प्रबंधन में उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित हो सके। स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन से संबंधित हर क्षेत्र का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

आपदा प्रबंधन सचिव ने युवाओं से इस योजना से जुड़कर उत्तराखंड को आपदाओं से सुरक्षित बनाने में योगदान देने की अपील की है।

## बस ट्रायल

रुद्रप्रयाग जिले की कालीमठ घाटी के जग्गी बगवान गांव को जोड़ने के लिए बने कालीमठ–जग्गी बगवान मोटर मार्ग पर बस का ट्रायल सफल रहा। बस से गांव पहुंचे पीएमजीएसवाई के अधिकारियों, वाहन चालक और अन्य लोगों का ग्रामीणों ने फूल–मालाओं से स्वागत किया। ऊखीमठ ब्लॉक के कालीमठ घाटी के जग्गी–बग्वान गांव को यातायात सुविधा से जोड़ने के लिए वर्ष 2018 में मोटर मार्ग स्वीकृत हुआ था।

कूड़ा अर्थदंड

रुद्रप्रयाग जिले में मंदाकिनी नदी किनारे खुले में कूड़ा जलाने के मामले में नगर पंचायत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि पर दो हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। साथ ही चिकित्सा अधीक्षक से स्पष्टीकरण भी मांगा है। यह पहला मौका है, जब नगर पंचायत ने इस तरह की कार्रवाई की है। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी निकिता भट्ट ने बताया कि अस्पताल का कूड़ा पर्यावरण और जलस्रोतों के लिए खतरनाक है। इस कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाना चाहिए। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को भविष्य में पुनः इस तरह का कृत्य नहीं करने की चेतावनी भी दी है।